POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 12.07.2024

थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चोरी करने वाला 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **12.07.2024** को थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से बिजली घर के पास, से0-50 नोएडा के पास से 01 अभियुक्त राबिन पुत्र बलवान सिंह को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का पिट्ठू बैंग मय एक काले रंग का जारा कम्पनी का परफ्यूम मय इयरबड्स की डब्बी मय आधार कार्ड की छायाप्रति मय अन्य कागजात बरामद हुए है। जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर-49 पर मु0अ0सं0 0264/24 धारा 303(2), 324(4) बीएनएस पंजीकृत है व बरामदगी के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी है।

घटना का विवरण-- अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने दिनांक 11.07.2024 को गाड़ी सं0 यूपी 16 ए.जेड 1326 का शीशा तोड़कर उसमें से एक बैग चोरी किया गया था जिसमें वादी के महत्वपूर्ण कागजात थे।

अभियुक्त का विवरण-- राबिन पुत्र बलवान सिंह निवासी ग्राम निमनाबाद थाना सफीदों जिला जींद हरियाणा वर्तमान पता सावन चौहान के मकान में, के0डी0 पब्लिक स्कूल के पास, ग्राम बरौला, थाना से0-49, गौतमबुद्धनगर उम्र 26 वर्ष।

अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 0264/24 धारा 303(2), 324(4), 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-49, नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. 01 पिट्ठू बैग।
2. 01 जारा कम्पनी का परफ्यूम।
3. ईयरबड्स की डब्बी।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति व अन्य कागजात।

2. थाना फेस-3 पुलिस द्वारा लूट/ छिनैती करने वाले शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ के सम्बन्ध में-

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **12.07.2024** को थाना फेस-3 पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया गया किन्तु वह नहीं रुके और तेज रफ्तार से होटल अन्तारा के सामने से विपरीत दिशा भागते हुये सेक्टर-67 की सर्विस रोड पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल सवार युवकों की मोटरसाइकिल फिसलकर सेक्ट-67 में जाने वाली सड़क टी पोईन्ट पर ग्रीन बेल्ट के पास गिर गई। मोटरसाइकिल सवार दोनो व्यक्ति सेक्टर-67 ग्रीन बेल्ट की तरफ भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध असलाह से फायर करने लगे। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश अर्जुन शर्मा उर्फ छोटे पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम यावापुर, थाना डिवाई जिला बुलन्दशहर वर्तमान पता अग्रसेन स्कूल के पास नेहरु गार्डन, खोडा कॉलोनी, थाना खोड़ा, गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष को पैर में गोली लगने के कारण घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। दूसरा बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश हेतु कांबिंग जारी है। घायल बदमाश के कब्जे से एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल रंग सफेद(बिना नंबर प्लेट) व 02 मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा .315 बोर मय दो जिन्दा कार0 व एक खोखा कार0 बरामद हुआ है। घायल बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया व बदमाश के आपराधिक इतिहास व अन्य विस्तृत जानकारी किया जा रहा

अभियुक्त का विवरण--

1. अर्जुन शर्मा उर्फ छोटे पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम यावापुर, थाना डिवाई जिला बुलन्दशहर वर्तमान पता अग्रसेन स्कूल के पास नेहरु गार्डन, खोडा कॉलोनी, थाना खोड़ा, गाजियाबाद उम्र 24 वर्ष।

बरामदगी का विवरण--

1. एक अवैध तंमचा .315 बोर मय 01 खोखा कार0 व 02 जिन्दा कार0
2. एक चोरी की मोटरसाइकिल अपाचे बिना नंबर प्लेट
3. 02 मोबाइल फोन(एक लूट का व दूसरे के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।)

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 53/2023 धारा 392/411 भादवि थाना सै0-58, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 205/2022 धारा 392/411 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 3117/2023 धारा 379 भादवि थाना सकरपुर, दिल्ली।
4. मु0अ0सं0 16786/2024 धारा 379 भादवि थाना एमवीथैप्ट, न्यू अशोक नगर, दिल्ली।